## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 06.06.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. द्वीपों के उपराज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी, ने कल लोक निवास में द्वीपसमूह के लिए पर्यटन कैलेंडर लॉन्च किया।
2. अंडमान निकोबार यातायात पुलिस ने सीसीटीवी–आधारित ट्रैफिक चालान जारी करना शुरू कर दिया है।
3. मध्योत्तर अंडमान जिला उपायुक्त ने डिगलीपुर क्षेत्र का दौरा कर जिले में चल रही विभिन्न विकासात्मक पहलों की समीक्षा की।
4. जहाजरानी सेवा निदेशालय ने शहीद द्वीप और रंगत के बीच एक अतिरिक्त जहाज सेवा शुरू की है।

<><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी, ने कल लोक निवास में द्वीपसमूह के लिए पर्यटन कैलेंडर लॉन्च किया। उन्होंने जून 2026 से अप्रैल 2027 तक के आयोजनों के कैलेंडर का अनावरण किया। कैलेंडर में आगामी पर्यटन सीजन के लिए मासिक आयोजनों की जानकारी दी गई है, ताकि पर्यटक और टूर ऑपरेटर्स अपनी यात्रा कार्यक्रम की योजना पहले से बना सकें। इस अवसर पर मुख्य सचिव के साथ प्रशासन, अंडमान निकोबार पुलिस तथा वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार यातायात पुलिस ने शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सर्विलांस कैमरों के माध्यम से उल्लंघनकर्ताओं के लिए सीसीटीवी–आधारित ट्रैफिक चालान जारी करना शुरू कर दिया है। इस पहल का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ाना, यातायात अनुशासन में सुधार करना और यातायात कानूनों का प्रभावी प्रवर्तन सुनिश्चित करना है। बिना हेलमेट गाड़ी चलाना, बिना सीट बेल्ट के यात्रा करना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करना, तेज गति, खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाना, रेड–लाइट जंप करना, स्टॉप–लाइन का उल्लंघन करना और अन्य यातायात अपराधों के लिए मोटर वाहन अधिनियम और नियमों के प्रावधानों के तहत इलेक्ट्रॉनिक चालान जारी किया जा सकता है। इसके अलावा, गलत तरीके से पार्क किए गए वाहनों की भी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाएगी और उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ट्रैफिक पुलिस ने पिछले सप्ताह शहर भर के विभिन्न स्थानों पर लगे सर्विलांस कैमरों के माध्यम से 450 से अधिक चालान जारी किए हैं। यातायात पुलिस ने जिम्मेदारी से

वाहन चलाने, यातायात संकेतों और सड़क चिह्नों का पालन करने और एक सुरक्षित व सुव्यवस्थित यातायात वातावरण बनाए रखने में नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

<><><><><><>

द्वीपसमूह में कृषि के आधुनिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत किसानों को कार्बन फाइबर टेलीस्कॉपिक हार्वेस्टर की खरीद पर 50 प्रतिशत सब्सिडी देने की घोषणा की है। इस योजना के अंतर्गत लाभार्थी को अधिकतम 30 हजार रूपये तक की सहायता प्रदान की जाएगी। योजना का लाभ लेने के लिए किसान के पास न्यूनतम 0 दशमलव 10 हेक्टेयर कृषि भूमि होना आवश्यक है। आवेदन पत्र निकटतम कृषि उप–डिपो या क्षेत्रीय कृषि कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं।

<><><><><><>

कैम्पबेल बे में कल पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों ने नारियल की कीमतों में लगातार की जा रही कटौती के संबंध में क्षेत्र के सहायक आयुक्त  श्याम ताशी दावा से मुलाकात की। किसानों ने बताया कि पहले नारियल की कीमत 34 रुपये थी, जो अब घटकर केवल 18 रुपये प्रति नग रह गई है। उन्होंने सहायक आयुक्त से नारियल के उचित मूल्य दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने अनुरोध किया। सहायक आयुक्त ने इस मामले की पूरी जांच करने और इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया।

<><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला उपायुक्त सुशांत पाधा ने कल जिला परिषद अध्यक्ष आर. अलगार स्वामी के साथ कल डिगलीपुर क्षेत्र का दौरा कर जिले में चल रही विभिन्न विकासात्मक पहलों की समीक्षा की। इस दौरान जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में डिगलीपुर तहसील के तहत विभिन्न विभागों के कार्यालय प्रमुखों और पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों ने भाग लिया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं और जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को मजबूत करना तथा आपसी विश्वास बढ़ाना था। बैठक के दौरान तहसील में चल रहे विकासात्मक कार्यों और विभिन्न सरकारी योजनाओं व कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की व्यापक समीक्षा की गई। विकास कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए संबंधित विभागों और पीआरआई प्रतिनिधियों के बीच तालमेल पर जोर दिया गया। बुनियादी ढांचे के विकास, जन कल्याण, नागरिक सुविधाओं और स्थानीय महत्व के अन्य मामलों पर विस्तार

से चर्चा की गई। जिला उपायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र का दौरा करने, चल रही परियोजनाओं की प्रभावी निगरानी करने का निर्देश दिया।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय ने छुट्टियों के दौरान यात्रियों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए शहीद द्वीप और रंगत के बीच एक अतिरिक्त जहाज सेवा की घोषणा की है। यह सेवा पहले से चल रही दो साप्ताहिक सेवाओं के अतिरिक्त होगी। यह विशेष सेवा 08 जून से शुरू होगी और पूरे महीने प्रत्येक सोमवार को संचालित की जाएगी। एम.वी. स्ट्रेट आइलैंड आठ जुन को सुबह 7 बजे श्री विजयपुरम से शहीद द्वीप, स्वराज द्वीप, स्ट्रेट आइलैंड, कदमतला और लॉन्ग आइलैंड होते हुए रंगत के लिए रवाना होगा तथा अगले दिन सुबह 7 बजे रंगत से चलकर इन्हीं मार्गों से होते हुए वापस श्री विजयपुरम के लिए प्रस्थान करेगा। इस यात्रा के लिए टिकट आज सुबह 9 बजे से जारी किए जाएंगे। टिकटों की बुकिंग ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से की जा सकती है। उपयोगकर्ताओं की सुविधा के लिए, पोर्टल से सीधे जोड़ने वाला एक क्यूआर कोड भी उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा, यात्री स्टार्स टिकटिंग काउंटर से भी टिकट खरीद सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा प्रशिक्षण केंद्र की ओर से आयोजित 55वें एक्सटर्नल सब–ऑफिसर्स कोर्स का समापन हो गया। यह कोर्स गृह मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा कॉलेज, नागपुर द्वारा प्रतिष्ठित राज्य प्रशिक्षण केंद्र की मान्यता मिलने के बाद 12 जनवरी को शुरू हुआ था। नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुलिस प्रशिक्षण संस्थान को राज्य प्रशिक्षण केंद्र की मान्यता मिलने के बाद यह दूसरा बैच था, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से कुल 27 अग्निशमन कर्मियों ने इस 22–सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। इस उपलक्ष्य में अग्निशमन सेवा प्रशिक्षण केंद्र में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस अधीक्षक (अग्निशमन) उमा शंकर मुख्य अतिथि के रूप में, साथ ही उप पुलिस अधीक्षक अंकेश यादव, अन्य वरिष्ठ अग्निशमन अधिकारी, संकाय सदस्य और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कल राष्ट्रव्यापी अभियान "एक पेड़ माँ के नाम" के तहत, कृषि विभाग, की ओर से हैडो स्थित बागवानी केंद्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर

पर, कृषि निदेशक देबब्रत बसंतिया ने पर्यावरण संरक्षण और सतत कृषि विकास के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, मसाले और फल के पौधे लगाए। उन्होंने अपने संबोधन में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आज लगाया गया हर एक पेड़ आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उपहार है और स्वच्छ व स्वस्थ पर्यावरण की दिशा में एक बड़ा कदम है।

उधर, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण क्षेत्रीय केंद्र की ओर से वनवासी कल्याण आश्रम, में भी वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रमुख डॉ. लाल जी सिंह ने वृक्षारोपण किया। इस दौरान प्रतिभागियों को स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाई गई।

<><><><><><><>